बड़े भाई साहब

Learning Sheet 4

अनुच्छेद आधारित प्रश्नों के उत्तर -

1. सालाना इम्तिहान का क्या परिणाम आया ?
   सालाना इम्तिहान में जी तोड़ मेहनत करने के बावजूद बड़े भाई साहब फ़ेल हो गए और छोटा बिना परिश्रम के दरजे में अव्वल आया |
2. लेखक को किस बात पर आश्चर्य हुआ ?
   बड़े भाई साहब ने अथक परिश्रम किया था फिर भी वे फ़ेल हो गए थे और लेखक बिना मेहनत किए अव्वल आ गए , इसी बात का उन्हें आश्चर्य हुआ |
3. बड़े भाई साहब ने परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए क्या -क्या किया ?
   बड़े भाई साहब ने प्राणांतक परिश्रम किया था । कोर्स का एक-एक शब्द चाट गए थे प्रात: चार से उधर रात दस बजे तक जब भी उन्हें खाली समय मिलता था, वे पढ़ते रहते थे |
4. 'कोर्स का एक-एक शब्द चाट गए'- का क्या आशय है ?
   इसका यह आशय है कि परीक्षा में आने वाले पाठों को पढ़ने में कोई भी कसर नहीं छोड़ी और पुस्तक का एक -एक शब्द पढ़ गए |
5. बड़े भाई का चेहरा क्यों कांतिहीन हो गया था ?
   बड़े भाई रात भर जाग कर पढ़ाई किया करते थे अथक परिश्रम के कारण उनका चेहरा कांतिहीन हो गया था |
6. बड़े भाई और लेखक के बीच अब कितने दरजे का अंतर रह गया ?
   बड़े भाई और लेखक के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर रह गया |
7. छोटे भाई के मन में कौन सी कुटिल भावना आई और क्यों ?
   छोटे भाई के मन में एक कुटिल भावना का उदय हुआ कि यदि अगले साल भी बड़े भाई फ़ेल हो जाएँ तो वे दोनों एक ही दरजे में आ जाएँगे | फिर वे उसका अपमान नही कर सकेगें |
8. लेखक ने अपनी कुटिल भावना को कैसे काबू में किया ?
   लेखक ने अपने मन में आई कुटिल भावना को तुरंत ही बलपूर्वक दबा दिया |
9. लेखक को बड़े भाई साहब की डाँट-फटकार कैसी लगी ?
   लेखक को बड़े भाई साहब की डाँट-फटकार अच्छी लगी | उन्होंने महसूस किया कि इसी के कारण वह लगातार पास होते जा रहे है |
10. बड़े भाई साहब क्यों नरम पड़ गए ?
    बड़े भाई लगातार फ़ेल हो रहे थे और छोटा भाई अव्वल आ रहा था इसलिए वे नरम पड़ गए |
11. लेखक को अपने बारे में क्या धारणा बन गई ?
    लेखक को अपने बारे में यह धारणा हो गई थी कि उसका भाग्य उनका बलवान है और बिना पढ़े ही वे पास हो जाएगें |
12. लेखक को कौन -सा नया शौक़ पैदा हो गया था ?
    लेखक को कनकौए उड़ाने का नया शौक पैदा हो गया था |

13. लेखक टूर्नामेंट की तैयारियाँ गुप्त रूप से क्यों करते थे ?

लेखक टूर्नामेंट की तैयारियाँ गुप्त रूप से करता था ताकि बड़े भाई साहब को यह न पता चले कि मैं पढ़ाई नहीं करता और उनका सम्मान भी कम कर दिया है |

14. लेखक बेतहाशा कब और क्यों दौड़े जा रहे थे ?

लेखक एक दिन संध्या समय, होस्टल से दूर कनकौआ लूटने बेतहाशा दौड़े जा रहे थे |

15. लेखक ने कटी पतंग की तुलना किस -किस से की है ?

लेखक ने कटी पतंग की तुलना आकाशगामी पथिक एंव स्वर्ग से निकली आत्मा स्वर्ग से की है |

16. कटी हुई पतंग को देखकर बच्चों पर क्या प्रभाव पड़ता है ?

कटी हुई पतंग को देखकर बच्चे अपनी सुध -बुध खोकर लग्गे और झाड़दार बाँस लेकर दौड़ने लगते है |

17. बच्चें लग्गे और झाड़दार बाँस लेकर क्यों दौड़ें जा रहे थे ?

बच्चें कटी हुई पतंग की डोर को लग्गे और झाड़दार बाँस में लपेटने के लिए दौड़े जा रहे थे |

18. बच्चों को क्या लग रहा था ?

बच्चों को लग रहा था कि पतंग के साथ वे भी आकाश में उड़ रहे है जहाँ सब कुछ समतल है, न मोटरकारें हैं, न ट्राम, न ही गाड़ियाँ ।

19. अचानक लेखक की मुठभेड़ किससे हो जाती है ?

अचानक लेखक की मुठभेड़ बड़े भाई साहब से हो जाती है |

20. बड़े भाई कहाँ से लौटकर आ रहे थे ?

बड़े भाई साहब बाज़ार से लौट कर आ रहे थे |

21. बड़े भाई ने लेखक से क्या -क्या कहा ?

बड़े भाई ने लेखक से कहा कि तुम्हें इन बाजारी लौंडो के साथ धेले के कनकौए के लिए दौड़ते हुए शर्म नहीं आती ? तुम्हें इसका भी कुछ ख्याल है कि अब तुम नीची जमात में नहीं हो, बल्कि आठवीं जमात में आ गए हो और मुझसे केवल एक दरजा नीचे हो। कम से कम अपनी पोजीशन का तो ख्याल रखो ।